भारत सरकार

शिक्षा मंत्रालय

स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं.9

उत्तर देने की तारीख 19.07.2021

केन्द्रीय विद्यालय और जवाहर नवोदय विद्यालय

9. **डॉ. ढालसिंह बिसेनः**
श्री रमेश चन्द्र माझी:
प्रो. अच्युतानंद सामंतः
श्री महेश साहू:

क्या **शिक्षा मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) ओडिशा के नवरंगपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र सहित निर्वाचन क्षेत्र - वार 2014 से अब तक देश में खोले गए जवाहर नवोदय विद्यालय तथा केन्द्रीय विद्यालयों की संख्या कितनी है; (ख) क्या सरकार का विचार आगामी वर्षों में ओडिशा के प्रत्येक सब डिविजन/जिला/ब्लाक मुख्यालय में नया जवाहर नवोदय विद्यालय स्थापित करने का है तथा यदि हां, तो इसके लिए क्या समय-सीमा निर्धारित की गई है;

(ग) क्या तालचेर जिले में एक नए केन्द्रीय विद्यालय हेतु कोई ज्ञापन प्रस्तुत किया है तथा यदि हां, तो इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है;

(घ) क्या सरकार का विचार डिजिटल लाइब्रेरी तथा आधुनिक प्रयोगशाला उपकरणों इत्यादि को प्रदान करके विद्यमान केन्द्रीय विद्यालय तथा जवाहर नवोदय विद्यालय को उन्नत करने का है तथा यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) क्या शिक्षकों की कमी से निपटने हेतु ओडिशा के जवाहर नवोदय विद्यालय में शिक्षक संविदा आधार पर रखे जा रहे हैं तथा यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इन विद्यालयों में शिक्षकों की संख्या का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

शिक्षा मंत्री

(श्री धर्मेंद्र प्रधान)

(क) देश में 2014 से अब तक 158 केंद्रीय विद्यालय (केवि) और 61 जवाहर नवोदय विद्यालय (जनवि) खोले गए हैं। केंद्रीय विद्यालय और जवाहर नवोदय विद्यालय निर्वाचन क्षेत्र के अनुसार नहीं खोले जाते हैं। ओडिशा राज्य सहित **2014** से अब तक खोले गए केवि और जनवि का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार विवरण संलग्न है।

(ख) नवोदय विद्यालय योजना में देश के प्रत्येक जिले में एक जवाहर नवोदय विद्यालय खोलने की परिकल्पना की गई है। ओडिशा राज्य के सभी 30 जिलों को पहले ही नवोदय विद्यालय योजना के साथ कवर किया गया है और अनुसूचित जनजाति केंद्रित मलकानगिरी जिले में एक अतिरिक्त जनवि भी कार्यात्मक है।

(ग) केन्द्रीय विद्यालय संगठन (केविसं) ने सूचित किया है कि ओडिशा राज्य सरकार से तालचेर में एक नया केवि खोलने का प्रस्ताव प्राप्त हुआ था। विसंगतियों को दूर करने के लिए प्रस्ताव राज्य सरकार को वापस भेज दिया गया है।

(घ) ई-ग्रंथालय, राष्ट्रीय सूचना केंद्र द्वारा विकसित एक डिजिटल प्लेटफॉर्म एकीकृत पुस्तकालय प्रबंधन सॉफ्टवेयर, एक डिजिटल पुस्तकालय मॉड्यूल और क्लाउड होस्टिंग एंवायर्नमेंट के साथ एक संपूर्ण आईसीटी समाधान प्रदान करता है। देश में केन्द्रीय विद्यालयों और 603 नवोदय विद्यालयों के पुस्तकालयों में ई-ग्रंथालय सॉफ्टवेयर स्थापित किया गया है। ई-ग्रंथालय सॉफ्टवेयर का उपयोग पुस्तकालय पुस्तकों को जारी करने और प्राप्त करने और डिजिटल मोड में पुस्तकों के रिकॉर्ड के रखरखाव के लिए किया जा रहा है। केन्द्रीय विद्यालयों और नवोदय विद्यालयों में प्रयोगशालाओं का उन्नयन और आधुनिकीकरण एक सतत प्रक्रिया है और आवश्यकता के अनुसार चरणबद्ध तरीके से काम किया जाता है।

(ङ) नवोदय विद्यालय समिति ने सूचित किया है कि रिक्त शिक्षण पदों को तत्काल भरने के लिए 206 शिक्षकों को अल्पावधि अनुबंध के आधार पर लगाया गया है ताकि छात्रों की किसी भी शैक्षणिक हानि से बचा जा सके।

******

संलग्नक

केन्द्रीय विद्यालय और जवाहर नवोदय विद्यालय के संबंध में दिनांक 19.07.2021 को माननीय सांसदों श्री डॉ. ढालसिंह बिसेन, श्री रमेश चन्द्र माझी, प्रो. अच्युतानंद सामंत और श्री महेश साहू द्वारा पूछे जाने वाले लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 9 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित संलग्नक

देश में 2014 से अब तक खोले गए केन्द्रीय विद्यालयों और जवाहर नवोदय विद्यालयों की संख्या

क्रम सं.	**राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों का नाम**	**केंद्रीय विद्यालय**	**जवाहर नवोदय विद्यालय**
1	आंध्र प्रदेश	8	0
2	अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	0	1
3	अरुणाचल प्रदेश	5	1
4	असम	3	0
5	बिहार	4	0
6	छत्तीसगढ	10	11
7	दिल्ली	3	0
8	गुजरात	1	11
9	हरियाणा	8	1
10	हिमाचल प्रदेश	2	0
11	जम्मू और कश्मीर	2	5
12	झारखंड	9	2
13	कर्नाटक	13	3
14	केरल	3	0
15	मध्य प्रदेश	20	4
16	महाराष्ट्र	7	1
17	मणिपुर	2	0
18	मेघालय	0	4
19	मिजोरम	0	1
20	नागालैंड	1	0
21	उड़ीसा	10	0
22	पंजाब	2	2
23	राजस्थान	14	2
24	तमिलनाडु	3	0
25	तेलंगाना	7	0
26	त्रिपुरा	0	4
27	उत्तर प्रदेश	15	7
28	उत्तराखंड	2	0
29	पश्चिम बंगाल	4	1
कुल		**158**	**61**

*****